# Marshall and Demand Analysis B.A.-I (Hons.)

KUMARI RAJANI SINGH
ECONOMICS, G.J. College.

## DEMAND (माँग)

किसी वस्तु के माँग से आशय क्रेता द्वारा वस्तु की माँगी गई उस मात्रा से है जिसे क्रय करने के लिए उसके पास पर्याप्त क्रय-शक्ति, क्रय की इच्छा, वस्तु की उपलब्धता, दिये हुए मूल्य और समय पर उपलब्ध है।

किसी वस्तु की माँग अनेक आर्थिक और गैर-आर्थिक कारकों पर निर्भर करती है। आर्थिक कारकों में वस्तु का मूल्य, क्रेता की आय तथा अन्य संबंधित वस्तुओं के मूल्य महत्वपूर्ण होते हैं।

### माँग फलन (Demand Function)

$$D = f(P, Y, P_{oc})$$

D = Demand, P = वस्तु का मूल्य

Y = क्रेता की आय, $P_o$ = अन्य संबंधित वस्तुओं का मूल्य

### मूल्य-माँग संबंध (Price-Demand Relation)

$$D = f(P)$$

Scanned with CamScanner

अन्य बातें समान रहने पर किसी वस्तु के मूल्य और माँग के मध्य विपरीत संबंध होता है अर्थात् मूल्य के बढ़ने पर माँग घटती है और मूल्य के घटने पर माँग बढ़ जाती है।

इसे माँग का नियम भी कहते है। इसे प्रो० अल्फ्रेड मार्शल ने दिया था।

## Individual Demand Curve
## (व्यक्तिगत माँग - वक्र)




## बाजार माँग वक्र (Market Demand Curve)

Individual Demand Curve का Horizontal Addition करने पर बाजार माँग वक्र प्राप्त होता है।

Scanned with CamScanner




$$D_M = D_1 + D_2$$

## मॉंग में परिवर्तन (Changes in Demand)

मॉंग में होने वाले परिवर्तन दो प्रकार के होते हैं।

1(a) **Demand of Expansion & Contraction.**
(मूल्य में परिवर्तन के कारण)

जब किसी वस्तु का मूल्य बढ़ने पर मॉंग घटती है इसे मॉंग का संकुचन (Contraction of Demand) कहते है इसे मॉंग वक्र पर बॉंयी ओर गति द्वारा प्रदर्शित करते है।

जब किसी वस्तु का मूल्य घटने पर मॉंग बढ़ती है इसे मॉंग का विस्तार कहते है। मॉंग विस्तार को मॉंग वक्र पर दाहिने ओर गति द्वारा प्रदर्शित करते है।

Scanned with CamScanner

# Increase in Demand & Decrease in Demand

जब मूल्य के अलावा किसी अन्य कारक के प्रभाव से माँग घटती है तो उसे माँग का विकर्षण (Decrease in Demand कहते है। विकर्षण को माँग वक्र को बाँयी और विस्थापित करके प्रदर्शित किया जाता है।

जब मूल्य के अलावा किसी अन्य कारक के प्रभाव से माँग बढ़ती है तो Increase in Demand कहते है। इसे माँग वक्र को दाहिनी ओर विस्थापित करके प्रदर्शित किया जाता है।




Scanned with CamScanner